संख्या में वृद्धि

''क''15. श्री गजानन्द शाही--क्या मंत्री, वाणिज्य-कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में कुल निबंधित व्यवसायियों की संख्या-179798 है, परन्तु करदाता व्यवसायियों की संख्या मात्र 54726 है, यदि हां, तो सरकार करदाता व्यवसायियों की संख्या में वृद्धि करने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कानूनी संरक्षण देना

27. श्री तार किशोर प्रसाद--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 11 जनवरी, 2011 को प्रकाशित समाचार ''संकट में डूबे 17 सौ कर्जदार'' के आलोक में क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत डंडखोरा प्रखंड में माईक्रो फाइनेंस कम्पनी के द्वारा 17 सौ कर्जदारों को दिये गए ऋण के कारण उनके साथ वसूली के क्रम में अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कम्पनियों पर कार्रवाई करने के साथ-साथ कर्जदारों को कानूनी संरक्षण देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 07 मार्च, 2011 (ई०) ।

गिरीश झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

''क''--दिनांक 28 फरवरी, 2011 को सदन द्वारा स्थगित ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 129--डी०टी०पी०--450